हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

5

जबलपुर, बुधवार 28 मई 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

पीएससी उत्तीर्ण कर मंडला की अंचल चौधरी बनी राजपत्रित अधिकारी

मण्डला। डॉ. अम्बेडकर वार्ड जिला मण्डला निवासी आर.के. चौधरी और श्रीमती अनीता चौधरी की पुत्री अंचल चौधरी ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की आयोजित परीक्षा में तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार एवं कौशल विकास विभाग में आईटीआई प्राचार्य राजपत्रित द्वितीय श्रेणी अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। अंचल चौधरी वर्तमान में जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर में प्रक्षेत्र विस्तार अधिकारी के पद पर में कार्यरत हैं। अंचल चौधरी भारत ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल लालीपुर मंडला से पढ़ाई प्रारम्भ कर जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर में अध्यनरत रही। अंचल ने आगे बढ़ने की प्रेरणा बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर से ली और अपने पिता को अपनी ज़िन्दगी का समर्थन स्तम्भ बताया। अंचल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता भाई हर्ष वर्धन चौधरी बहन डॉ. मेकल चौधरी को दिया। अंचल की इस कामयाबी को उनके रिश्तेदार और परिवार जनों से लेकर उनके हितेषियों ने खूब सराहा और ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित की।

जीवनयापन के लिए दी गई आर्थिक सहायता

मण्डला। निवास तहसील के ग्राम पनवाटोला निवासी सुमंत्राबाई/मनीराम मार्को ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण जीवनयापन के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता का चैक प्रार्थी परिवार को अपर कलेक्टर मंडला राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा प्रदाय किया गया।

श्रीमति कुसुम बड़ेरिया का निधन

जबलपुर। हाथीताल स्टेट बैंक कालोनी निवासी द्वारका प्रसाद बड़ेरिया की धर्मपत्नी राजेश बड़ेरिया, अवधेश बड़ेरिया की मां एवं शंभुदयाल बड़ेरिया की भाभी ओर राजीव बड़ेरिया, सौरभ बड़ेरिया की बड़ी मां श्रीमति कुसुम बड़ेरिया का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्ति धाम हथियाल कॉलोनी में किया गया।

एकल अभियान द्वारा आयोजित श्रीराम कथा का समापन

हवन-पूजन के साथ भण्डारे का आयोजन

*** संगीतमय हनुमान चालीसा का भी हुआ पाठ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

अंचल समिति अंचल मण्डला के द्वारा एकल अभियान श्री हरि राम कथा का आयोजन 22 मई से नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में किया गया था। यहां पर कथा का समापन 26 मई को किया गया कथा समापन के अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। कथा के समापन अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य समाजिक कार्यकर्ताओं ने कथा वाचक सुश्री गीता कुमारी पान जी का स्वागत किया इसी कड़ी में वनवासी कल्याण आश्रम बिछिया के पदाधिकारियों ने कथा वाचक सुश्री गीता कुमारी पान जी मुलाकात कर उनका पुष्प माला और शॉल श्री फल से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, आनन्द सोनी, श्रीमति उमा यादव, अनिल मिश्रा, किशोरी लाल साहू, कैलाश डहेरिया, श्रीमति रजनी मरावी, कृष्णा जंघेला, सुनीता ताम्रकार, ममता ताम्रकार, निधि ताम्रकार, नीरज अग्रवाल, विजय अग्रवाल सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। कथा वाचक सुश्री गीता कुमारी ने कहा कि धर्म और समाज के लिये हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। उन्होने का कहा कि भगवान राम का जीवन समाज के लिये आदर्श है। बता दे कि 22 मई को महिष्मति घाट में मां नर्मदा का पूजन किया गया जो नगर भ्रमण करते हुए सरस्वती स्कूल पहुंची। जहां पर विधि विधान से राम दरबार का पूजन अर्चन करते हुए कलश स्थापित किए गए। यहां पर कथावाचक सुश्री गीता कुमारी पान जी ने भगवान श्रीराम के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने राम कथा के बारे में बताया कि हमें राम की तरह अपने माता-पिता, गुरुजनों की भावनाओं को पूरा-पूरा सम्मान करना चाहिए। इस कथा से हमें साहस और बुधि से प्रत्येक कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा मिलती है। विपरीत परिस्थितियों में धीरज बनाए रखना भी इस कथा के माध्यम से हम सीखते हैं। उन्होंने बताया कि राम कथा का महत्व एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक तत्व है। यह हमें मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राम कथा सुनने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है साथ ही यह हमें बुरे कर्मों से दूर रहने में मदद करती है। एकल अभियान संभाग महाकौशल भाग रेवांचल अंचल मण्डला में श्री हरि राम कथा आयोजित रही।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन सुश्री गीता किशोरी जी झारखंड द्वारा कराया गया उनके सहयोगी के रूप में सुश्री मालीना किशोरी पश्चिम बंगाल एवं किशोरी प्रीति पाराशर सिक्किम से तथा वाद्य यंत्र कलाकार के रूप में ब्रजनंदन कुमार आर्गन, स्वेस ढोलक, अभिषेक पेड पर अपनी कला दिखाई।

अंचल समिति से आनंद सोनी अंचल अध्यक्ष, प्रदीप सिंह अंचल सचिव, अनिल मिश्रा अंचल कोषाध्यक्ष , श्रीमती उमा यादव हरि कथा अध्यक्ष, श्रीमती बबीता अधिकारी हरि कथा उपाध्यक्ष, श्रीमती शीतल वैष्णव हरि कथा सचिव, श्रीमती शारदा कछवाहा अंचल माँ, श्रीमती प्रिया धुर्वे महिला समिति अध्यक्ष, श्रीमती सुनीता सोनी सक्रिय सदस्य, श्रीमती सुनीता सैयाम सक्रिय सदस्य, श्रीमती गीता साहू सक्रिय सदस्य, आशीष पटेल खेल युवा प्रभारी, प्रमोद साहू सक्रिय सदस्य, अशोक खरबंदा, हरीश यादव, श्रीमती बिनीता दुबे, श्रीमती आशा खरबंदा, श्रीमती रामा पावा , श्रीमती मंजू कछवाहा, भाग से सनद झरिया भाग प्रा शि प्रा प्रमुख, अंचल से संजय मरावी अंचल अभियान प्रमुख, नंदकिशोर यादव अंचल कार्यालय प्रमुख, सोमनाथ परते अंचल प्रा शि प्रा प्रमुख, नरेश कुमार गतिविधि प्रमुख , राम राजेश शरण अंचल व्यास, दशरथ यादव, ममता, सुरसा, शिवराम धुर्वे, बलराम यादव, शंकर परते, नंदकिशोर भंवरे, अनिल कुमार, राजेश यादव, अंत राम धुर्वे, चित्रलेखा , अरुण कुमार, मनीष धुर्वे रथ योजना प्रमुख , एवं समस्त एकल अभियान के कार्यकर्ता पूरी कथा के दौरान मौजूद रहे एवं विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाहन किया। कथा के दौरान हालांकि मौसम प्रतिकूल रहा बावजूद इसके पूरा कार्यक्रम सफल एवं सराहनीय रहा। अंचल में पुनः श्रीराम कथा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

जय घोष के साथ माँ नर्मदा परिक्रमा पत्र सर्वेक्षण एवं जन जागरूकता यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ग्राम पिंडरई माल ग्राम पंचायत एवं कुंडा ग्राम पंचायत में चौपाल का आयोजन किया गया एवं यात्रा और सर्वेक्षण के उद्देश्य के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया अतिथियों का स्वागत कर पुष्पहारों से स्वागत अभिनंदन कर उत्साहवर्धन किया गया एवं यात्रा के उद्देश्य शासन की योजना मध्य प्रदेश शासन के 10 विभागों कृषि विभाग,खनिज विभाग ,धर्मव विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जन अभियान परिषद, (योजना आर्थिक एवं सांख्यिकीय विभाग)

वन विभाग,पर्यटन विभाग इस प्रकार 10 विभाग इस यात्रा में शासन के आदेश अनुसार इस कार्य को कर रहे हैं इस यात्रा और सर्वेक्षण में सम्मिलित होने की जानकारी दी गई आज की यात्रा का विश्राम पिंडरई माल पंचायत बाद कुंडा पंचायत में मां नर्मदा की आरती के पश्चात आज की यात्रा का विश्राम रात्रि पड़ाव पिंडरई माल पंचायत में किया गया मंडला जिले में यात्रा के मार्गदर्शक इस कार्यक्रम के प्रमुख जिला समन्वयक श्रीमान राजेंद्र चौधरी जी के नेतृत्व में वीजाडंडी विकासखंड में यात्रा पूर्ण कर नारायणगंज विकासखंड की कुंडा पंचायत से यात्रा प्रारंभ की गई जल संरक्षण नर्मदा परिक्रमा पथ सर्वे एवं जन जागरूकता यात्रा के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया आज की यात्रा में दोनों पंचायत की ग्रामीण सरपंच पंच परामर्शदाता नवांकुर संस्थान प्रस्फुटन समितियां समितियां स्नातकोत्तर एवं स्नातक समाज कार्य में के विद्यार्थी आज की जन जागरूकता एवं सर्वेक्षण यात्रा में सम्मिलित रहे।

अघोषित विद्युत कटौती से उपभोकता परेशान

नारायणगंज। भीषण गर्मी और भीषण बिजली बिल का दंश भोग रहे बिजली उपभोक्ताओं पर क्या बीत रही है शायद बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भले अहसास न करते हों लेकिन उपभोकता भीषण गर्मी और भारी भरकम बिजली बिल से परेशान हैं। अघोषित विद्युत कटौती से केवल गर्मी या कूलर पंखा चलाने में परेशानी तक बात सीमित नहीं है आज हर कसवा और ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत हर कसवा और गावों मैं नल-जल योजना संचालित है जिसके माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जाती है। बिना बिजली गावों में अघोषित विद्युत कटौती से पेयजल आपूर्ति में क्या परेशानी आती है इस पेयजलापूर्ति की समस्या को पेयजल अभावग्रस्त ग्राम के लोग ही समझ सकते है। इसलिए क्षेत्र की आम जनता बिजली विभाग एवं पीएचई और जल निगम से मांग की है कि अपने यंत्र -तत्र को दुरस्त रखते हुए क्षेत्र की जनता को पेयजल आपूर्ति में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

सीमेंट कैप्सूल गाड़ी की मोटरसाइकिल के सामने की टक्कर से दो की मौत एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत भावल के पास नेशनल हाईवे 30 पर सुबह 10:00 बजे दिन मंगलवार को सीमेंट कैप्सूल गाड़ी क्रमांक सी जी 07 सीबीएन 4840 मोटरसाइकिल के सामने की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई और उनमें से एक बच्चा घायल हो गया टक्कर इतनी जबरदस्ती की मौके पर ही दोनों की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार सीमेंट कैप्सूल गाड़ी जो की रायपुर मंडला की ओर जा रही थी वहीं से लव माल बकोरी मोटरसाइकिल सवार की आमने-सामने की टक्कर से जुगराज भारतीय वनरक्षक बड़ी खैरी मंडला उमर 35 वर्ष स्थान लावर माल बकोरी का रहने वाला था दूसरी मृतक अमरावती पति गेंदालाल परते की उम्र 50 साल लावर माल बकोरी की थी उनके साथ मोटरसाइकिल में अभय परते पिता मंगल सिंह पढ़ने उम्र 4 वर्ष जो की मोटरसाइकिल सवार के साथ था घायल हो गया गंभीर रूप से सिर पर चोट आने के कारण मुझे समुदाय स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में लाया गया था और वहां से रेफर कर दिया गया है बताया गया है कि जुगराज भारतीय जो की अपने अपने पड़ोसी अमरावती परते के साथ पाठा चुटका किसी काम के लिए जा रहे थे भावल के पास यह हादसा हुआ।

पर्वतारोही अंकित ने फहराया तिरंगा

मण्डला। पर्वतारोही अंकित नामदेव ने हिन्द महासागर नीले पानी के समुद्र के पूर्वोत्तर भाग में अपने नाम एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है उन्होंने बताया है कि 14 मार्च को भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजकर 10 मिनिट में 24 मीटर 80 फिट की गहराई में हिन्द महासागर वाये ऑफ वेंगल में भारत की शान में सफलतापूर्वक भारतीय ध्वज लहराने का साहसिक कार्य किया है। भारतीय ध्वज लहराने का यह कार्य की प्रशंसा देश विदेश तक में हो रही है अंकित की इस उपलब्धि पर जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह हमारे जिले के लिये गौरव का विषय का है की आपने इस जोखिम भरे कार्य को किया है। इस हौसले की में प्रशंसा करता हूं साथ ही आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और बधाई देता हूं। अंकित ने बताया कि इस काम में उनके साथ भारत की स्कूबा डाइविंग कंपनी अर्बन नोमाड एडवेंचर पुडुचेरी की टीम मौजूद रही वहीं माउंटेनियर अंकित ने अपनी हिमालय यात्रा के दौरान हिमालय पर्वत की पार्वती पीक 13,850 फिट पर तिरंगा फहराया था उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी माउंटेनियरिंग एकेडमी मनाली हिमाचल प्रदेश से बेसिक माउंटेनियर कोर्स को पूर्ण किया है।

अवैध वसूली | **कथित परिवहन अधिकारी ने दिखाई लाठी तो चालक ने चप्पलों से पीटा।**

परिवहन चैकपोस्ट पर किस बात की वसूली

*** जिला परिवहन अधिकारी ने झाड़ा पल्ला।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 ए में मण्डला सीमा से लगते क्षेत्रों में जिस तरह परिवहन अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा वसूली की जा रही है उससे नित नये विवाद खड़े हो रहे हैं। पिछले दिनों पाण्डुतला चैकपोस्ट में इसी तरह की अवैध वसूली को लेकर कथित परिवहन अधिकारियो एवं ट्रक चालकों के बीच विवाद की स्थिति बनी एक अधिकारी ने जब शासकीय वाहन से लाठी निकालकर चालक को मारा तो फिर दूसरे चालक ने अपनी चप्पल उतारकर उस अधिकारी की तबियत से सेवा की यह सब कुछ वायरल वीडियों के माध्यम से लोगों ने देखा लाठी की मार से चालक का मोबाईल टूट गया था लिहाजा आकोशित अन्य चालकों ने अपने वाहनों को राजमार्ग पर खड़े कर जाम की स्थिति निर्मित कर दी जैसे-तैसे खबर लगने पर उच्चाधिकारी पहुंचे और फिर मान मनौब्बल प्रारंभ हुआ गलती किये कथित अधिकारी, कर्मचारियों ने अपनी गलती भी स्वीकार की लेकिन चालक तो मोबाईल की कीमत लेने पर अड़े रहे। बाद में क्या समझौता हुआ यह सार्वजनिक नहीं हो सका है लेकिन इस तरह के विवादों ने जिला परिवहन विभाग की नियत एवं उसकी भूमिका पर बड़े प्रश्न खड़े किये है।

कौन है ये कर्मचारी

जिस तरह से मण्डला-जबलपुर की सीमा पर एवं मण्डला की दूसरी सीमाओं के समीप कथित परिवहन अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा ट्रक चालकों से जो पैसे वसूले जाते हैं वे आखिर किस बात के लिये जा रहे हैं और वसूली करने वाले ये कर्मचारी, अधिकारी क्या परिवहन विभाग के ही है और यदि हैं तो फिर ये सिविल ड्रेस में क्यों होते हैं और जब पूछा जाता है कि पैसे किस बात के मांगे जा रहे हैं तो उस पर जबाव भी स्पष्ट दिया जाना चाहिये और पैसे वसूली के साथ-साथ इन कथित अधिकारी, कर्मचारियों को गुंडागर्दी करने का लायसेंस आखिर दिया किसने? इन अधिकारी, कर्मचारियों के पास वॉकी टॉकी का सेट होता है वह क्या सरकारी संसाधन है या फिर इन्होंने स्वयं इसका इंतजाम कर रखा है जिला परिवहन अधिकारी का कहना है कि इस पूरे मामले में जिले का और उनका कोई लेना-देना नहीं लेकिन घटना के बाद उनका फोन न उठाना और सवालों से बचना क्या प्रदर्शित करता है और यदि यह सब कुछ संभागीय कार्यालय या प्रदेश कार्यालय से संचालित है तो फिर जिला परिवहन अधिकारी को स्पष्ट करना चाहिये।

जिला परिवहन अधिकारी को पत्रकार वार्ता के माध्यम से पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुये यह भी स्पष्ट करना चाहिये कि आखिर वसूली करने वाले ये अधिकारी, कर्मचारी किनके मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं और जो रकम रोजाना वसूली जाती है वह किसके पास जा रही है क्या उस रकम का कोई हिसाब किताब भी होता है अथवा नहीं?

सूचना प्रकाशन

मेंसर्स मिनरल ट्रेडिंग कारपोरेशन पार्टनरशिप फर्म जिसमे भागीदार क्रमांक (1)-राजीव छाबरा निवासी जबलपुर मध्यप्रदेश, क्रमांक (2)-सुशील आहूजा निवासी **SSS/O** पी.डी. आहूजा 44, ग्वारी घाट रोड हनुमान मंदिर के पास आदर्श नगर जबलपुर मध्यप्रदेश, क्रमांक (3)- आदित्य बजाज निवासी **SSS/O** सुनील बजाज प्लाट न-368 हनुमान नगर नागपुर महाराष्ट्र -440009, एवं क्रमांक (4)-देवेन्द्र खन्ना निवासी 303 अनंदा अपार्टमेंट क्लार्क टाउन बेझनबाग नागपुर महाराष्ट्र हैं, मेंसर्स मिनरल ट्रेडिंग कारपोरेशन पार्टनरशिप फर्म जो की दिनांक-20.12.2011 को कार्यालय असिस्टेंट रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं जबलपुर म.प्र. में पंजीयन क्रमांक 04/14/01/00324/11 में पंजीकृत है। जिसका मुख्तः व्यवसाय डोलोमाइट क्रय एवम विक्रय सम्बन्धी है। जो की ग्राम लिमरुआ पोस्ट बम्हनी जिला मंडला में कार्यरत है। उक्त फर्म के भागिदार क्रमांक-(1) राजीव छाबड़ा नीवासी जबलपुर दिनांक 22.02.2012 को फार्म से निष्काषित हो चुके है,एवं फर्म के भागीदार क्रमांक-(2) सुशील आहूजा **SSS/O** पी.डी. आहूजा 44, ग्वारी घाट रोड हनुमान मंदिर के पास आदर्श नगर जबलपुर छिवलाहा जबलपुर एवं क्रमांक-(3) आदित्य सुनील बजाज **SSS/O** सुनील बजाज प्लाट न-368 हनुमान नगर नागपुर महाराष्ट्र -440009 दिनांक 10.09.2021 को निष्काषित हो चुके है एवम उक्त फर्म के भागीदार क्रमांक-4 देवेन्द्र खन्ना 303 अनंदा अपार्टमेंट क्लार्क टाउन बेझनबाग नागपुर महाराष्ट्र दिनांक 12.09.2021 को निष्काषित हो चुके है। इस फर्म में नए भागीदार क्रमांक (1) राजकुमार अग्रवाल पता-**SSS/O** रामप्रसाद अग्रवाल हाउस न.- 189 तिलक वार्ड न,18 पुराने स्टेट बैंक के पास, मंडला.मध्यप्रदेश एवं क्रमांक (2) नितीश अग्रवाल पता-**SSS/O** राजकुमार अग्रवाल हाउस न.-189 वार्ड न 18 तिलक वार्ड नहरू स्मारक मंडला मध्यप्रदेश 481661 को दिनांक 10.09.2021 में शामिल किया गया है। उक्त फर्म का काम पूर्ण रूप से पूर्ववत संचालित किया जा रहा है।

पार्टनरशिप फर्म
मेंसर्स मिनरल ट्रेडिंग कारपोरेशन

खबर संक्षेप

पंच कुण्डी श्रीरूद्र महायज्ञ का आयोजन 29 मई से सहावन में

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। क्षेत्र में सदा ही धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई देखी जाती है। इस क्रम में चल रहे जेयष्ठ मास के पावन अवसर पर 29 मई से 4 जून तक समीपस्थ ग्राम सहावन में पंच कुण्डी श्रीरूद्र महायज्ञ एवं श्रीरामकथा, शिव महापुराण सहित श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। बताया जाता है कि आयोजन को लेकर 29 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ पंचाग पूजन, मण्डप प्रवेश के साथ ही कथा का प्रारम्भ होगा। वही 4 जून को पूर्णाहूति के उपरांत विशाल भण्डारे के साथ कथा का समापन होगा। इस आयोजन में यज्ञाचार्य पंडित मुरारी उपाध्याय इटारसी वाले होगे। वही मुख्य वक्ताओं के रूप में रामथा वाचक कशोरी मांडवी वृंदावन धाम दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भगवान रामजी की कथा का वर्णन सुनायेगी। वही दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य पं वरेन्द्र कुमार शास्त्री इटारसी द्वारा शिव पुराण के माध्यम से शिवजी की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा। वही शाम 4 बजे से 6 बजे तक आचार्य पं ऋषभ उपाध्याय द्वारा भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनाया जावेगा।

आराध्या ने किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब नगर का कोई भी छात्र छात्रा द्वारा किसी बड़ी परीक्षा में सफलता हासिल की जाती है तो उससे उसके साथ उसके माता पता सहित नगर का नाम रोशन होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार से नगर के नगर के अलका फ्रोटो स्टूडियो के संचालक मुकेश बालासपुरिया के बेटी आराध्या राज में देखने मिल रहा है। ज्ञात हो कि आराध्या राज द्वारा हाल में सैनिक स्कूल में प्रवेश को लेकर आयोजित हुई परीक्षा में सफलता हासिल करते हुये प्रवेश की पात्रता हासिल की गई है। ज्ञात हो कि इस छात्रा ने कक्षा पांचवी की परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की गई थी। यह छात्रा वर्तमान में गोटेगांव के एक निजी स्कूलों में अध्ययनरत है।

सरकारी बैंकों में दलालों का बोलबाला होने से नही मिल पा रहा आमजन को लाभ

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। केन्द्र सरकार व शासन द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है, मगर इन योजनाओं का किसानों को लाभ ले पाना कितना मुश्किल होता है इस बात की सच्चाई से शायद नेताओं से लेकर सरकार के अधिकारी भी अनविज्ञ है, क्योंकि किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है, मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है। इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में आसानी से देखा जा रहा है, क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन सरकारी बैकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामो के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है। क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए बताया कि इन दिनो क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है, वही किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है। जिसमे क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनबाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह दे देते है? जब वह उनके पास पहुचता है तो सीधे 10 से लेकर 20 प्रतिशत राशि की बात पर ही कार्ड बनाने की बात कही जाती है, इस स्थिति में जब किसान अधिकारियों से चर्चा करते है तो बैकों अधिकारियों द्वारा उस किसान को महिनो तक घुमा घुमाकर परेशान कर दिया जाता है, इस स्थिति में या तो किसान अपना कार्ड बनबात ही नही है या फिर उसे मजबूरी में बैकों द्वारा पाले गये दलालों की शरण में ही जाना पड़ता है? इस प्रकार के दलाल शहरों की बैको से लेकर ग्रामीण बैकों में आसाली से देखने मिल सकते है, जो अधिकारियों के बंगलों से लेकर तहसील कार्यालय में मजबूर किसानों को खोजते फिरते है...?

ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुये यात्री प्रतिक्षालय शराब खोरी करने वालों के चलते अहातों का कर रहे रूप धारण, खुलेआम हो रही शराब खोरी, गांव गांव बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा। जिस प्रकार की सोच के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्गो के किनारे पूर्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी निधि की लाखों की राशि करते हुए आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जहां तहां छोटे बस स्टेन्डों यानि की यात्री प्रतिक्षालयों का निर्माण कराया गया था। मगर वह जन उपयोगी कम और आवारा गर्दी सहित शराब खोरी के लिए अहाते के रूप में ज्यादा उपयोगी साबित होते हुए दिखाई पड़ रहे है? बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों के लिए यात्रा करने वाले आमयात्रियों सहित महिलाओं को जब बसों का इंतजार करने के लिए परेशान होती थी तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी निधि की राशि खर्च करते हुए जहां तहां मुख्य मार्गो के किनारे छोटे छोटे बस स्टेन्डों यानि की यात्री प्रतिक्षालयों का निर्माण कराया गया था जिसके पीछे उनकी सोच रही होगी कि इन प्रतिक्षालयों में महिलाएं शुकुन के साथ बैठकर बसो का इंतजार कर सकेगी। मगर इन प्रतिक्षालयों पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते जिस प्रकार की सच्चाई देखने मिल रही है जिसके चलते अब यह जान पड़ने लगा है कि जिस प्रकार की सोच के चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा इनके निर्माण हेतु अपनी राशि खर्च की गई है वह सिर्फ बर्बाद करने के आलवा और कुछ नही है? क्योंकि जहां एक ओर स्टैट स्तर के हाईवे किनारे चलने वाली शराब दुकानों को तक हटाने का आदेश दिया गया है तो दूसरी ओर अब शराब ठेको के पास बैठकर शराब पीने पर रोक लगाते हुये एक साल पहले अहाते भी बंद करा दिये गये। मगर जिस प्रकार से सड़क किनारे होने वाली शराब खोरी पर रोक नही लग पा रही है। वही चिंता का विषय बनने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा लगातार स्वच्छता का संदेश देते हुए सरकारी भवनों स्वच्छ बनाने के आदेश दिये गये थें। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से इन स्टेट हाईवे किनारे बने प्रतिक्षालय इस समय शराब खोरी का अड्डा बने हुए दिखाई देने से नही चूक रहे है तथा इनमें व्याप्त गंदगी की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि उनमें महिलाओं को बैठने की बात तो दूर उनके अंदर घुस पाना भी मुश्किल होते हुए देखा जा रहा है। इस सच्चाई को देखते हुए जहां सरकार द्वारा स्टैट हाईवे किनारे शराब दुकानों पर लगाई गई रोक व सरकार द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान की सच्चाई पर भी प्रश्न चिन्ह लगने से नही रहा है? इस प्रकार से शासकीय राशि से बने हुए इन प्रतिक्षालयों में हो रही सच्चाई इस समय गाडरवारा सांईखेड़ा स्टैट स्तर के माने जाने वाले इस मुख्य मार्ग किनारे बने हुए शासकीय यात्री प्रतिक्षालयों में देखने मिल रही है..? जहां पर बताया जाता है कि सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले इस शासकीय यात्री प्रतिक्षालय में रात की बात तो दूर दिन दहाड़े भी खुलेआम शराब खोरी होते हुए देखी जाती है जिसके कारण जहां यह यात्री प्रतिक्षालय पूर्णरूप से शराब का अड्डा साबित होते हुए जान पड़ रहा है। वही दूसरी ओर इसके अंदर स्थापित गंदगी का साम्राज्य शासन द्वारा चलाये गये स्वच्छता अभियान की सच्चाई पर भी सबाल खड़े करते हुए जान पड़ रहा है? बताया जाता है कि प्रकार से यहां के शासकीय यात्री प्रतिक्षालय में पड़ी हुई शराब की खाली बोतले यहां पर चलने वाली शराब खोरी का खुलेआम उदाहरण देते हुए देखी जा रही है। वही यात्री प्रतिक्षालय के अंदर फैली हुई गंदगी के चलते बस यात्रियों का इसके अंदर घुसपाना मुश्किल होते हुए दिखाई दे रहा है? गौरतलब है कि ग्राम पाली खैरी सहित अन्य ग्रामों के लोग जब गाडरवारा या फिर सांईखेड़ा सहित अन्य जगहों पर पहुंचने के लिए बसों का इंतजार करते है तो उन्हें बारिश हो या फिर गर्मी का मौसम यह यात्री प्रतिक्षालय काफी सुविधा जनक साबित होता था। मगर इन यात्री प्रतिक्षालयों में महिलाएं सुरक्षित रूप से बैठकर बसों का इंतजार करते हुए देखी जाती थी। मगर वर्तमान समय में शराब खोरी का अड्डा बन जाने के कारण जहां महिलाओं का इन यात्री प्रतिक्षालय में घुसपाना मुश्किल होता रहा है। वही दूसरी ओर इस संपूर्ण क्षेत्र में शराबखोरी करने वालों के आंतक के चलते बस यात्रा करने वाली महिलाओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जाता है..? जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि गाडरवारा सांईखेड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण इस मार्ग से अनेक पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों का दिन भर निकलना लगा रहता है, वही क्षेत्र के अनेक प्रकार के नेता भी दिन में अनेकों बार इस यात्री प्रतिक्षालय के पास से गुजरते हुए देखे जाते है। मगर आज तक बदहाल स्थिति में पहुंचे इस यात्री प्रतिक्षालय की ओर किसी के द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण स्थिति इस प्रकार से बन चुकी है कि इस यात्री प्रतिक्षालय में रात दिन चलने वाली खराब खोरी के चलते महिला बस यात्रियों को सबसे अधिक परेशानियों से जूझने के लिए सिर्फ मजबूर ही नही बल्कि शराब खोरी करने वाले मनचलों की अश्लील हरकतों का शिकार तक होना पड़ रहा है? वही दूसरी ओर यहां पर चलने वाली शराब खोरी के चलते इस मार्ग से निकलने वाले आम लोगों में भी अब दहशत की स्थिति निर्मित होते हुए देखी जाने लगी है तो दूसरी ओर गांव गांव अवैध रूप से बिकने वाली शराब की सच्चाई भी उजागर होने से नही चूक पा रही है। इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के लोगों द्वारा सांईखेड़ा पुलिस प्रशासन से इस प्रकार मुख्य मार्ग पर बने हुए शासकीय भवन यानि की यात्री प्रतिक्षालय में होने वाली शराब खोरी पर अंकुश लगाने की गुहार लगाई जा रही है। वही क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा समय रहते हुए इस ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही इस जगह पर किसी दिन कोई न कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? वही दूसरी ओर यदि गौर किया जावे तो जिस प्रकार से इस यात्री प्रतिक्षालय के अंदर शराब की खाली बोतले व अन्य सामग्री पड़ी हुई है उससे यह बात भी सिद्व होते हुए जान पड़ रही है कि इस क्षेत्र में निश्चित ही बड़े स्तर पर शराब बिक्री का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। उसी का परिणाम है कि लोगों का आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण वह इस मुख्य मार्ग किनारे बने हुए यात्री प्रतिक्षालय अहातों का रूप धारण करने से नही चूक रहे है। क्योंकि यदि कोई व्यक्ति किसी शहर से शराब खरीदकर ले जावे और इस यात्री प्रतिक्षलय में बैठकर पीये तो यह संभव हो ही नही सकता है? यह बात स्पष्ट है कि इन यात्री प्रतिक्षालयों के आसपास बडे स्तर से शराब का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है।

शनि जयंती के मौके पर भक्तों से न्याय के देवता को तिल सहित काले कपडे किये अर्पित, नर्मदा तटों पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। अनेक संकटों से मुक्ति दिलाने वाले न्याय के देवता शनि महाराज की जयंती के मौके पर बीते हुये मंगलवार को लोगों द्वारा नगर के बोदरी चौकी के पास तथा कामती रोड पर बने हुये शनि मंदिर पर पहुंचकर पूजन अर्चन किया तो अनेक लोगों द्वारा अपने घरों में ही शनि महाराज का पूजन करते हुये उनसे सभी संकटों मुक्ति दिलाने की कामना की गई। क्योंकि इस साल शनि जयंती मंगलवार के दिन पड़ने के कारण इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष शनि जयंती के मौके पर जिस प्रकार से नगर के बोदरी नाका स्थित शनि मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ने के साथ साथ यहां पर शनि जयंती के एक दिन पहले दिन भर चलने वाले विशाल भंडारे के दौरान हजारों लोग प्रसादी ग्रहण करते हुये देखे जाते है। मगर इस साल एक दिन पहले भण्डारे का आयोजन किया जा चुका है जिसके चलते कुछ इसी प्रकार का आलम इस वर्ष भी देखने मिला। मंगलवार के दिन शनि जयंती होने के चलते लोगों ने शनिदेव की पूजन करने में कोई कसर नही छोड़ी और बड़े ही धूमधाम के साथ शनि जयंती मनाई गई और भक्तों ने अपने इष्ट देव के मंदिर को पहुंचकर उनके दर्शन करते हुये पूजन किया। नगर के वरिष्ठ पंडित सत्य नारायण शर्मा द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि इस वर्ष शनि जयंती को जो पर्व आया है वह बड़े ही लम्बे अंतराल के बाद आया है। क्योंकि धार्मिक तौर पर यदि देखा जाये तो ये शनि जयंती व हनुमान जी का प्रिय दिवस मंगलवार ज्येष्ठ माह की अमावस्या भी होने से धार्मिक रूप से इसका महत्व और अधिक इसलिये भी बढ़ जाता है इस तरह पर्वो का त्रिवेणी संगम का संयोग निश्चित तौर से काफी लम्बे अंतराल के बाद देखने मिला है। इस प्रकार नगर के बोदरी नाका स्थित शनि मंदिर पर सुबह से देर रात तक भीड़ का आलम देखने मिला तो इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम कामती मार्ग स्थित शनि मंदिर का हाल बना हुआ था। वही दूसरी ओर ग्राम घघरौला पटना के पिठहरा मार्ग तिरहा के पास बने हुये शनि मंदिर पर भी क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया। इस तरह शनि अमावस्या के मौके पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई। जहां पर लोगों ने आस्था की डूबकी लगाते हुये पूजन अर्चन किया।

बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रहा ठंडा मीठा जहर, सच्चाई को लेकर प्रशान कर रहा नजर अंदाज

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

इस समय पड़ रही तेज गर्मी के चलते जहां लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गर्मी के चलते लोगों को शीतल पेयपदार्थ आकर्षित करने से भी चूक रहे है, जिसके चलते शहर की गालियों, सार्वजानिक स्थानों पर बच्चो के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालने वाले ठंडे मीठे जहर की बिक्री शुरू हो गयी है। ज्ञातव्य है कि यह हानिकारक काजू शेक, शर्बत बेचने के लिए बाहर के लोगों की आमद हो चुकी है और कई जगह उनके शर्बत की शीशियों से सजे ठेले भी नजर आने लगे है। क्रमशः तापमान बढ़ने से इन ठेलो पर ग्राहकी का आलम भी दिखायी पड़ रहा है। दूसरी ओर बताया गया है कि शहर में धड़ल्ले से वर्फ के गोले भी बेचे जा रहे है, जिन्हे अंजाने में बच्चे खरीद रहे है। खबर है कि चन्द पैसों में बच्चों को मिलने वाले ये वर्फ के गोले सेकरीन से बने शर्बत से तर किए जाते है और अत्याधिक मीठे और ठंडे होने से बच्चे इनका सेवन तो कर लेते है पर बाद में उनके गले में तकलीफ होने लगती है और उन्हें जुकाम की बीमारी शिकंजे में लेने लगती है? वही दूसरी ओर लगातार गर्मी भी बढ़ते चली जा रही है, इस हालत में दूध, मेवे से बने शीतल पेय पदार्थ बच्चो को नुकसान नही पहुँचातें। लेकिन जहाँ तक रंगीन सस्ती कुल्फियों की बात है तो वे बच्चो के स्वास्थ्य के लिए इसलिए खतरनाक होती है। क्योंकि उन्हे बनाने वाले शर्बत में सेकरीन का प्रयोग किया जाता है, जिसके सेवन को चिकित्सक भी हानिकारक मानते है उनका कहना है कि बच्चो को इस बात की समझ नही होती कि कौन सी चीज उनकी सेहत के लिए नुकसानदेह है। इसी कारण वे भूलवश सस्ती कुल्फियॉ खरीदकर आफत मोल ले लेते है और स्वास्थ्य खराब होने पर अभिभावकों की भी मुसीबतें बढ़ा देते है, इतना ही नही इस प्रकार से स्थानीय स्तर पर बनने वाले इन ठंडे पेय पदार्थो का निर्माण किये जाने वाली जगह पर साफ सफाई का आभाव होने के कारण वह जानलेवा साबित भी जो जाते है? इन्ही बातों की चिंता को लेकर अभिभावकों व आम जन ने मॉग की है कि नपा.का स्वास्थ्य विभाग इस प्रकार से गुणवत्ताहीन ठंडा मीठा जहर बिकनें पर प्रतिबंध लगायें, जिससे हँसते खेलते बच्चो के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़ सकें।

दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में बसयात्रियों को गर्मी से बचने के लिए नहीं है कोई साधन

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। इस समय चल रही सूरज की तेज तपन के चलते जहां बस यात्रियों को परेशानी का सामना इसलिये करते हुये देखा जा रहा है क्योंकि भले ही सांईखेड़ा को तहसील का दर्जा मिलने के साथ साथ यहां पर नगर पंचायत, महाविद्यालय के आलवा अन्य सुविधाये मिल चुकी है मगर बस यात्रियों के लिये कोई ठोर ठिकाना नही मिल पाया है? इस तरह दादाधूनी वालों के नगर में बस स्टेन्ड के आभाव के चलते जहं बसयात्रियों को तपती हुई धूव तो बारिश के सीजन में भीगते हुये अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वही गर्मी के दिनों में तेज धूप के चलते खुले मैदान में खड़े होकर बसों का इंतजार करते हुए देखा जाता है, इस नगर में देखा जाता है कि बाहर से आने वाले यात्री इंतजार के लिये सड़क पर पेड़ के नीचे या चाय पान की दुकानों पर बैठना पड़ता है। इस स्थिति में प्रमुख रूप से देखा जावे तो महिला बस यात्रियों के लिये ऐंसी स्थिति में सर्वाधिक परेशानी होती है, जिसमें यहां पर स्थापित ब्लाक कार्यालय, उत्कृष्ठ विद्यालय सहित महाविद्यालय की स्थापना हो जाने के कारण अनेक महिलाओं के आलवा छात्राओं द्वारा बसो के माध्यम से ही आना जाना किया जाता है। मगर वह बस स्टेण्ड पर न होने के कारण यहां वहां भटकते हुए देखी जाती है। वही दूसरी ओर न तो महिलाओं के लिए यहां पर शौचालय है और न ही प्रसाधन की कोई सुविधा है जिसके कारण सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान को भी ग्रहण लगने में कोई कसर बाकी दिखाई नही दे रही है। इस प्रकार के सच्चाई के चलते स्थानीय लोगो का कहना है कि यदि मवेशी बाजार क्षेत्र में यदि एक सुविधायुक्त बस स्टेण्ड बना दिया जाये तो नगरवासियों के लिये एक बड़ी सौगात मिल जायेगी, वही दूसरी ओर दूर दूर से आने वाले धूनी वाले दादा के भक्तों को भी सुविधा मिलेगी, जिसके चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र के लोगों द्वारा जनापेक्षा व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई जा रही है यात्रियों के लिये प्रतीक्षालय एवं सुविधायुक्त बस स्टेण्ड की स्थापना की जाये।

नगर के रहवासी क्षेत्र से लेकर कालोनियों में धड़ल्ले खुल रही कबाड़ दुकाने, क्या किसी बड़े हादसे के बाद खुलेगी प्रशासन की नींद..?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

इस समय नगर में जहां तहां फैली हुई कबाड़ की दुकानों की सच्चाई किसी से छिपी नही है जिन पर जहां खुलेआम चोरी का समान खरीदने के साथ साथ अन्य सच्चाई आये दिन पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही में सामने आती जा रही है...? क्योंकि कबाड़ के कारोबार के चलते जहां कबाड़ी चंद दिनों में लखपति बनने की सोच का परिणाम है कि यह कारोबार शहरों के साथ साथ अब गांवों में फैलता जा रहा है और इन कबाड़ दुकानों पर प्रकार की सामग्री खरीदी जाती है उसको पुलिस प्रशासन से लेकर क्षेत्र की आम जनता भी अच्छे से जान चुकी है? मगर हैरत की बात है कि नगर के अंदर जहां तहां संचालित होने वाली इन कबाड़ दुकानों के चलते नगर के साथ साथ आस पास निवास करने वालो लोगों की जिन्दगी के लिए खुलेआम खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है? नगर में संचालित होने वाली इन कबाड़ दुकानों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो रहवासी क्षेत्र के साथ साथ अब आये दिन कुलियों से लेकर कालोनियों में तक स्थापित होने से नही चूक रही है..? मगर इसके बाद भी प्रशासन की चुप्पी जहां सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है। वही लोगों का कहना है कि क्या किसी बडे हादसे के बाद ही प्रशासन की निंद्रा भंग होगी..? बताया जाता है कि इन दुकानों पर कबाड़ के रूप में खरीदा गया प्लास्टिक की सामग्री इस प्रकार से होती है कि यदि उसमें जरा सी आग लग जावे तो उसे काबू में कर पाना मुश्किल ही नही बल्कि नामुकिन हो सकता है जिसके कारण कबाड़ दुकान के साथ साथ यह आग संपूर्ण क्षेत्र को अपने आकोश में लेने चंद मिनिट ही काफी हो सकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुए कुछ वर्ष पहले उस समय देखने मिल चुकी है जब नगर के वायपास मार्ग व पेट्रोल पंप के पीछे संचालित होने वाले एक कबाड़ दुकान में देखा गया था। जब रात के समय अचानक आग लग जाने के कारण चंद मिनिट में ही आग ने अपना विकराल रूप ले लिया गया था। वह तो अच्छा यह हुआ की इस आग पर तुरंत काबू पा लिया गया नही तो पता नही नगर में क्या स्थिति निर्मित हो जाती इसकी कल्पना करना भी मुश्किल होने से नही चूक पाता है। क्योंकि जहां इस घटना स्थल से पेट्रोल पंपों की दूरी चंद कदम पर थी वही यह संपूर्ण क्षेत्र रहवासी माना जाता है जिसके चलते लोगों की जान पूर्णरूप से खतरे में नजर आने लगी थी? इस घटना को देखते हुए लोगों का कहना है कि इस प्रकार से नगर के अंदर रहवासी क्षेत्रों सहित स्कूलो व अन्य रहवासी क्षेत्रों में संचालित हो रही है जिसके चलते वहां पर रहने वाले लोगों को खुलेआम खतरे की घंटी बजाते हुए जान पड़ रही है। इस प्रकार से नगर के अंदर जहां तहां रहवासी क्षेत्रों में कबाड़ खानों की भरमार देखी जा रही है जहां पर कबाड़ के रूप में एकत्र किये गये प्लास्टिक सामग्री का अम्बार लगा हुआ है जिसके चलते लोगों की जान खतरे से खाली नही देखी जा रही है? आमजन द्वारा शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा गया है कि इस प्रकार से संचालित होने वाले कबाड़ खानों को शहर के बाहर खुले मैदान में संचालित करने के आदेश जारी किये जावे जिससे लोगों की जान खतरे से बाहर आ सके..? यदि समय रहते प्रशासन द्वारा इस प्रकार के कबाड़ खानों पर ध्यान नही दिया गया तो किसी दिन बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है?

खबर संक्षेप

अज्ञात कारण से युवक की मौत, पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिला अस्पताल अनूपपुर में उपचार हेतु लाये गए युवक की अज्ञात कारण से अस्पताल पहुंचने के पूर्व मृत्यु हो गई जिसकी सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा कार्यवाही की। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शहडोल जिले के अमलाई थाना अंतर्गत ग्राम बिछिया के खैरबना टोला निवासी 35 वर्षीय प्रदीप केवट पिता सज्जन केवट 27 मई की सुबह गांव से कुछ दूर बरगवां गांव गए थे तभी अचानक बेहोश हो गए जिसकी जानकारी मिलने पर परिजनों एवं पड़ोसियो द्वारा निजी वाहन से उपचार हेतु जिला अस्पताल अनूपपुर लाकर ड्यूटी डॉक्टर से परीक्षण कराया। इस बीच परीक्षण पर ड्यूटी डॉक्टर ने प्रदीप की अस्पताल पहुंचने के पूर्व मृत्यु हो जाने की बात करते हुए जिला अस्पताल पुलिसचौकी को सूचना दी, सूचना के आधार पर अस्पताल पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों एवं पड़ोसियों की उपस्थिति में पंचनामा एवं शव परीक्षण की कार्यवाही करते हुए मृतक के शव के अंतिम संस्कार है परिजनो को सौंप कर प्रारंभ करवाई की। समाचार लिखे जाने पर प्रदीप की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

मप्र शिक्षक संघ संभाग शहडोल का त्रिवार्षिक निर्वाचन 1 जून को होगा संपन्न

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ संभाग शहडोल के संयोजक अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की इसी अनुक्रम में संभाग शहडोल का निर्वाचन 1 जून को अशासकीय भारत माता उच्च० माध्य० विद्यालय शहडोल (पांडव नगर) शहडोल में सुबह 11 बजे से निर्वाचन अधिकारी जी. एम. अग्निहोत्री एवं पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार जैन की उपस्थिति में संपन्न होगा, संभागीय इकाई में अध्यक्ष -01, सचिव -01 कोषाध्यक्ष -01, उपाध्यक्ष -01, सहसचिव -01, कार्यकारणी सदस्य -04, मनोनीत सदस्य -02 होंगे, संभाग अंतर्गत तीनो जिलों के निर्वाचित पदाधिकारी 25 सदस्यो के मान से कुल 75 पदाधिकारी संभागीय इकाई के निर्वाचन हेतु मतदाता होंगे तथा संभाग शहडोल अंतर्गत तीनो जिलों क्रमशः शहडोल, अनूपपुर, उमरिया के वर्ष 2024 की सामान्य मतदाता सूची के सभी सदस्य उम्मीदवार हो सकेंगे। शिक्षक संघ से निष्कासित सदस्य निर्वाचन में भाग नहीं ले सकेंगे, जो व्यक्ति दो पदावधि तक लगातार जिस पद पर रह चुका है, उक्त व्यक्ति उसे पद हेतु पुनः उम्मीदवार नहीं हो सकेगा, एवं सेवा अवधि भी निर्वाचन तिथि से 3 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए अर्थात जिनकी सेवा निवृत्ति तिथि 30 जून 2028 अथवा उसके पश्चात है वही उम्मीदवार हो सकते हैं।
इसकी प्रामाणिकता के लिए नामांकन फार्म जमा करते समय उम्मीदवार से जन्मतिथि के प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, पेनकार्ड, अथवा अंकसूची की छाया प्रति नामांकन के साथ संलग्न करना होगा, उक्त निर्वाचन प्रक्रिया में समस्त तीनो जिलों के 75 मतदाता, निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक, प्रांतीय पदाधिकारी, प्रांतीय आयाम प्रमुख सहित निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने वाले वर्ष 2024 के सामान्य मतदाता सूची के सदस्य अपेक्षित है। सभी अपेक्षित जनों से अपील है कि निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर, निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर संभागीय निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न करावे। निर्वाचन के संबंध में प्रांत द्वारा सारे दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

नशे के जाल को कोतमा पुलिस ने तोडा

कोतमा। क्षेत्र में गली-गली बिक रहे नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नवागत थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला द्वारा मादक पदार्थ गांजा पर कार्यवाही की गई है। सोमवार को रेलवे कॉलोनी बाजार रोड के पास लंबे समय से बिक रहे गांजे के ठिकाने पर पुलिस टीम ने दबिश देते हुए महिला आरोपी नीता विश्वकर्मा 52 वर्ष पति सूर्यप्रकाश वार्ड 3 एवं गांजा की सप्लाई करने वाले सोनू रजक निवासी पुरानी बस्ती को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई की गई है। आरोपियों के कब्जे से 1 किलो 40 ग्राम गांजा कीमती 12 हजार रुपए को जप्त कर धारा 8/20 बी (2) बीएनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि रेलवे कॉलोनी रोड पर किराना दुकान की आड़ में महिला नीता के द्वारा लंबे समय से मादक पदार्थ की बिक्री की जा रही थी।

टीआई ने कराया पेड़ का कत्लेआम वन संरक्षण अधिनियम को किया दरकिनार

यातायात थाना प्रभारी की मनमानी पड़ी पर्यावरण पर भारी, नियमों की उड़ाई धज्जियां

शासन द्वारा पेड़ों के संरक्षण और उनके अंधाधुंध कटाव को रोकने के लिए स्पष्ट नियम और कानून बनाए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

वन संरक्षण अधिनियम 1980 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत किसी भी पेड़ की कटाई या छंटाई के लिए संबंधित विभागों — जैसे कि वन विभाग, नगरीय निकाय, और जिस विभाग की भूमि पर पेड़ स्थित है — से पूर्वानुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन जब कानून की रक्षा करने वाले ही कानून तोड़ने लगें, तो यह गंभीर चिंता का विषय बन जाता है।

ताजा मामला डिंडौरी जिले के यातायात थाना परिसर का है, यातायात थाना प्रभारी सुभाष उईके ने नियमों की अनदेखी करते हुए थाना परिसर से दूर लगे फलदार कटहल के पेड़ की छंटाई के नाम पर उसका दिनदहाड़े कत्लेआम करवा दिया।

मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना परिसर में स्थित कटहल के पेड़ के बड़े-बड़े तनों को बिना किसी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के कटवा दिया गया, जिससे पेड़ कुरूप हो गया है। यह पूरी कार्रवाई ऐसे समय में की गई है जब वसंत ऋतु में फलदार पेड़ों की छंटाई और कटाई पर कानूनी रूप से प्रतिबंध होता है।

एक ओर शासन बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर सरकारी परिसर में खड़े हरे-भरे पेड़ों को स्वयं सरकारी अधिकारी ही नियमों की धज्जियां उड़ाकर नष्ट कर रहे हैं।

थाना प्रभारी की इस मनमानी पर स्थानीय पर्यावरणविदों और जागरूक नागरिकों ने कड़ी आपत्ति जताई है और मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। यह मामला न केवल पेड़ संरक्षण के नियमों की अवहेलना है, बल्कि शासन की पर्यावरणीय नीतियों की विफलता को भी उजागर करता है।

एमपी हाईकोर्ट ने कटहल समेत 62 प्रजाति के पेड़ो को घोषित किया संरक्षित

मध्यप्रदेश में कटहल (Artocarpus heterophyllus) को संरक्षित पेड़ों की सूची में शामिल किया गया है। मार्च 2025 में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के बाद, वन विभाग ने 62 प्रकार के पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है, जिसमें कटहल भी शामिल है। अब इन पेड़ों की कटाई या छंटाई बगैर अनुमति अवैध माना जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को कटहल का पेड़ काटना है, चाहे वह निजी या सरकारी भूमि पर हो, तो उसे संबंधित वन विभाग से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक है। अन्यथा, यह वन संरक्षण अधिनियम 1980 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत दंडनीय अपराध माना जाएगा।

इनके कहना है,,

वन विभाग में पेड़ो की कटाई/छंटाई से संबंधित आवेदन मेरी जानकारी में नहीं है, वन विभाग से अनुमति जारी नहीं किया गया है।

पुनीत सोनकर, डीएफओ, डिंडौरी

मैं अभी जिले से बाहर हूँ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को बोलती हूँ।

वाहिनी सिंह पुलिस अधीक्षक डिंडोरी

डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजे गए विकास चंदेल, जिले का बढ़ाया मान

डिंडौरी न्यूज। जिले के ग्राम कूड़ा निवासी विकास सिंह चंदेल ने शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल कर डिंडोरी जिले का नाम रोशन किया है। उन्हें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक के सामाजिक कार्य विभाग से डॉक्टरेट (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त हुई है। विकास चंदेल ने "बैगा जनजाति के शिक्षा में आने वाली मुद्दों और चुनौतियां : डिंडोरी जिले के बैगाचक क्षेत्र का एक अध्ययन" विषय पर अपना शोध कार्य पूरा किया। इस शोध में उनके मार्गदर्शक डॉ. रमेश बी एवं सह-निर्देशक डॉ. कृष्णमणि भगवती रहे। शोध कार्य की सफलता के बाद विकास को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई। विकास ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता नेम सिंह चंदेल एवं श्रीमती उर्मिला सिंह चंदेल, बहनों प्रतिमा एवं पवित्रा, अपने शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने अपने शोध प्रबंध को समाजसेवी स्व. डॉ. प्रबीर सरकार, अपने माता-पिता और बैगा समुदाय को समर्पित किया है। विकास चंदेल की शिक्षा यात्रा भी प्रेरणादायक रही है। उन्होंने स्थानीय विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की तथा अमरकंटक विश्वविद्यालय से बीएससी, बीएड और सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर (एमएसडब्ल्यू) करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर शोध कार्य में प्रवेश किया। शोध के साथ-साथ विकास सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं। उन्होंने प्रणाम नर्मदा युवा संघ की स्थापना कर कोरोना काल में ऑपरेशन मदद के तहत जरूरतमंदों को भोजन और दवाइयां उपलब्ध कराईं। इसके अलावा माहवारी स्वच्छता जागरूकता अभियान, रक्तदान, वृक्षारोपण, गरीब विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क आवास विवेकानंद विद्यार्थी भवन और मां नर्मदा की सफाई जैसे अनेक कार्यों में योगदान दिया है। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। विकास चंदेल का जीवन और कार्य आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

बीपीएल कार्ड धारक मजदूरों ने करोड़ों में खरीदी सैकड़ों एकड़ जमीन,आखिर किसने लगाया कालाधन.?

बैगा आदिवासियों की जमीन खरीद पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का बड़ा खुलासा

जाति प्रमाणपत्र और आर्थिक स्रोतों पर सवाल, हाईकोर्ट में जनहित याचिका की तैयारी

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

मध्यप्रदेश के जिले में बैगा आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ जमीन की संदिग्ध तरीके से बिक्री और उसके पीछे दलालों व बाहरी लोगों की भूमिका को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने बड़ा खुलासा किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम ने प्रेसवार्ता के माध्यम से जानकारी दी कि कटनी जिले के चार व्यक्तियों ने स्वयं को आदिवासी बताकर वर्ष 2009 से अब तक लगभग 781.24 एकड़ जमीन खरीदी है। यह जमीनें विशेष रूप से बैगा आदिवासियों की बताई जा रही हैं।

अब सवाल यह है कि ये सभी व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले हैं, सरकारी योजनाओं के लाभार्थी हैं और मनरेगा जैसी मजदूरी योजना के अंतर्गत कार्यरत हैं, फिर भी इन्होंने करोड़ों रुपए की जमीनें कैसे खरीदीं?

इन गरीबी रेखा वाले मजदूरों ने खरीदी जमीन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा जारी प्रेस नोट में उल्लेख किया गया है कि रघुराज सिंह पिता श्यामलाल – निवासी सुतली, जिला कटनी।डिंडोरी जिले में 411.50 एकड़ जमीन खरीदी।प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.20 लाख की राशि स्वीकृत।गरीबी रेखा के नीचे सूचीबद्ध, शासकीय राशन प्राप्तकर्ता।2022 में "प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना" के तहत मुफ्त अनाज भी लिया।- राकेश पिता मोलई, ग्राम बरमानी, बड़वारा (कटनी)।पिपरिया माल और बघरेली में 45.63 एकड़ जमीन खरीदी।प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी।मनरेगा में स्वयं व पत्नी के नाम से मजदूरी की।बीपीएल कार्डधारी, नियमित राशन प्राप्त।- नत्थू पिता राममिलन, ग्राम गोइंद्रा, तहसील विजयराघवगढ़ (कटनी)।डिंडौरी जिले में 179.53 एकड़ जमीन खरीदी।उनके मूल ग्राम में केवल 2.02 एकड़ पुश्तैनी भूमि दर्ज।परिवार के 6 सदस्य सरकारी राशन योजना के लाभार्थी।जाति विवादः कोल जाति के हैं, पर डिंडोरी में गोंड जाति दर्ज है।- प्रहलाद कोल पिता पद्दू, निवासी वार्ड क्रमांक 30, जोन 2, नगर निगम कटनी।पिपरिया माल और हरो टोला रैयत में 109.42 एकड़ भूमि खरीदी।बीपीएल राशन कार्डधारी, 3 सदस्य लाभार्थी।

सरकार से मुफ्त खाद्यान्न लिया गया।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने इन चारों व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर आपत्ति जताते हुए 5 प्रमुख बिंदुओं पर जांच और कानूनी कार्यवाही की मांग की है:

आर्थिक स्थिति की जांच – क्या ये लोग वास्तव में करोड़ों की संपत्ति खरीदने में सक्षम थे? क्या इनकी आय वैध है?

जाति प्रमाणपत्रों की जांच – क्या इन्होंने बैगा आदिवासियों की जमीन खरीदने के लिए झूठे या फर्जी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए? कुछ व्यक्तियों के सरकारी रिकॉर्ड में अनुसूचित जाति दर्ज है, जो बैगा भूमि खरीद की पात्रता पर सवाल उठाता है।

बाहरी उद्देश्य और खनिज लीज का संदेह – जमीन खरीद का उद्देश्य क्या था? क्या यह भूमि केवल बॉक्साइट खनन कंपनियों को लीज पर देने के लिए खरीदी गई?

स्थानीय दलालों की भूमिका – ग्रामीणों की शिकायतों के अनुसार स्थानीय जमीन दलालों ने बैगा आदिवासियों की जमीनों को धोखे से बिकवाया। इन पर आदिवासी अत्याचार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाए।

राजनैतिक चुप्पी और प्रशासन की निष्क्रियता – एक महीने से अधिक समय से यह मुद्दा मीडिया में है, फिर भी प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधि चुप क्यों हैं?

आंदोलन और कोर्ट का रुख

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन ग्रामीणों की जमीनें छल या फर्जी तरीके से बेची गईं हैं, उनकी रजिस्ट्री रद्द की जाए और जिन लोगों को उनकी जमीन बेचने का उचित मूल्य नहीं मिला, उन्हें तत्काल भुगतान किया जाए। साथ ही, पार्टी ने कहा कि खदान के लिए अधिग्रहित की गई जमीनों का वर्तमान बाजार मूल्य निर्धारित कर उसका लाभ वास्तविक मालिकों को दिलवाया जाए। प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम ने कहा की है कि पार्टी बहुत जल्द हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करेगी और इस मामले में वृहद आंदोलन भी चलाएगी।

जनसुनवाई का आयोजन, कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

डिंडौरी न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर नेहा मारव्या ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में हल करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए ।

जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । जनसुनवाई में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, अनुकंपा नियुक्ति, तालाब निर्माण, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, कच्ची सड़कों की मरम्मत, अवैध कब्जा और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं सामने आईं।

ग्राम पंचायत बरगई माल निवासी कोता बाई यादव ने आर्थिक सहायता की मांग का आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को जांच कर सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम खाम्हा माल के ग्रामवासियों ने सोसायटी भवन निर्माण की मांग की, जिस पर सीईओ जनपद पंचायत समनापुर को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए ।

ग्राम भाखा माल के महामाया स्व-सहायता समूह ने शिकायत की कि सदस्य शशि गोयल ने फर्जी तरीके से प्रस्ताव तैयार कर दुकान विक्रेता बन गया है। समूह ने श्यामकली वालरे को पुनः विक्रेता नियुक्त करने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत पोंडी माल के पोषक ग्राम नएगांव के ग्रामीणों ने खसरा नंबर 194/196 पर तालाब निर्माण की मांग की, जिस पर आरईएस विभाग को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए ।

ग्राम पंचायत जुनवानी के अंतर्गत आने वाले खुर्री टोला के ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि विगत कई दिनों से क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इस पर कलेक्टर मारव्या ने तत्परता दिखाते हुए जनपद पंचायत डिंडोरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ को समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत साम्हर के बैगान टोला से भी ग्रामीणों ने पेयजल संकट की शिकायत प्रस्तुत की। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में नल-जल योजना पूर्ण न होने से परेशानी हो रही है, जिससे लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है। कलेक्टर द्वारा इस मामले में भी तत्काल कार्यवाही करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई को समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य महत्वपूर्ण प्रकरण में शैलेन्द्र उइके द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि उनके पिता, स्वर्गीय श्री इमरत लाल उइके, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहंदवानी में खेल शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। दुर्भाग्यवश, कोविड-19 महामारी के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। आवेदक ने अनुकम्पा नियुक्ति की मांग की है, जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। जनसुनवाई में अन्य विभागीय मामलों का भी समाधान किया गया। कलेक्टर नेहा मारव्या ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डिंडौरी में चना-मसूर बीज घोटाला: तीन कृषि अधिकारियों पर एफआईआर, ईओडब्लू का शिकंजा

बीज वितरण के तहत करोड़ों के घोटाले में पहला पन्ना खुला

डिंडौरी न्यूज।

जिले में भ्रष्टाचार किस कदर व्याप्त हैं इसके एक नहीं बल्कि हजारों मामला सामने है, आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में कागजों में विकास तेज रफ्तार से दौड़ रहा है वहीं जमीनी हकीकत में सरकारी दावे शून्य हैं। बीज वितरण में हुए धांधली और भ्रष्टाचार के मामले में ईओडब्लू ने शिकंजा कसा है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्लू जबलपुर ने डिंडौरी जिले के मेहंदवानी विकासखण्ड में करोड़ों रुपये के बीज वितरण घोटाले में तीन कृषि अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। शिकायत और जांच के अनुसार, वर्ष 2021-22 में योजना के तहत चना और मसूर के बीज वितरण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया।

जांच में सामने आया कि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हेमंत मरावी द्वारा 728 वास्तविक कृषकों को 546 क्विंटल चना बीज वितरित किया गया, लेकिन इसके अतिरिक्त 372 फर्जी किसानों की सूची बनाकर 276.75 क्विंटल चना बीज वितरण दर्शाया गया। इसी तरह, 305 किसानों को 121.5 क्विंटल मसूर बीज वितरण के साथ-साथ 295 फर्जी किसानों की सूची तैयार कर 118 क्विंटल बीज का वितरण कागजों पर दिखाया गया।

स्टॉक रजिस्टर के अध्ययन में स्पष्ट हुआ कि ये बीज कार्यालय में कभी आए ही नहीं थे। यह फर्जीवाड़ा तत्कालीन उप संचालक कृषि अश्विनी झारिया और शाखा प्रभारी सेवानिवृत्त इंदरलाल गौरिया के निर्देश पर किया गया।

कुल मिलाकर 30,39,575 की सरकारी राशि का गबन पाया गया। जांच के उपरांत आरोप प्रमाणित पाए जाने पर अश्विनी झारिया तत्कालीन उप संचालक कृषि, इंदरलाल गौरिया शाखा प्रभारी, सेवानिवृत्त और हेमंत मरावी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के विरुद्ध धारा 120बी, 409, 420, 467, 468, 471 भादवि एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं 7(c), 13(1)(b), सहपठित 13(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जिला मुख्यालय मे होगा भाजपा कार्यालय का निर्माण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन 26 मई को जिले के प्रवास पर पहुंचे और उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के साथ अनूपपुर रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के लिए भूमि की रजिस्ट्री कराकर कार्यालय निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त किया। भाजपा कार्यालय का निर्माण अनूपपुर जिला मुख्यालय चचाई मार्ग स्थित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन ने कहा कि कार्यक्रम, कार्यकर्ता और कार्यालय भाजपा की पहचान है। निरंतर सेवा कार्य और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी सतत जनता जनार्दन के संपर्क में रहती है। भाजपा 31 मई तक लोकमता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

जबलपुर, बुधवार 28 मई 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

धूमधाम से मनाई गई शनि जयंती

तेंदूखेड़ा। न्याय के देवता शनि देव की जयंती अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित शनि मंदिर परिसर में सुबह से ही पूजन अर्चन किया गया वहीं भंडारे का आयोजन भी किया गया।नगर के गोपाल लाल मंदिर परिसर में स्थित शनि मंदिर का निर्माण विगत वर्षों हुआ था और इसमें शनि देव की प्राण प्रतिष्ठा भी शनि जयंती पर की गई थी। प्रत्येक शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

महाविद्यालय में शैक्षणिक विमर्श की श्रंख्ला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन और छात्र-छात्राओं के समग्र व्यक्तित्व विकास की दिशा में शासन की महत्वपूर्ण योजना 'कॉलेज चलो अभियान ' के उद्देश्य से शैक्षणिक विमर्श 2025 की श्रंख्ला का शुभारंभ विज्ञान संकाय द्वारा जिले के शिक्षाविद्, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अशोक उदेनिया ने विषय चयन के समय तकनीकी बारीकियों एवं जागरूकता की बात पर प्रकाश डाला। विभिन्न स्कूलों के शिक्षाविद् ने छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग हेतु महाविद्यालय द्वारा स्थापित विभागवार हेल्पडेस्क का भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने अभिभावकों विभिन्न विद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं को उनके सहयोग के प्रति आभार प्रगट करते हुए उनके सुझावों को आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय द्वारा उक्त आयोजन छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु किया जा रहा है जिससे कोई भी छात्र-छात्रा प्रवेश से वंचित न रह जाए। उक्त शैक्षणिक विमर्श का आयोजन प्रतिदिन सायं 04 वजे से 05:30 तक महाविद्यालय मे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. एसएन राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी डी उमरे एवं सुश्री विजेता सिधना सहित स्टाफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

राजस्व महाअभियान के बाद भी भटक रहे किसान, नहीं हो रही परेशानियां कम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व विभाग के अंतर्गत चलाये गए राजस्व महा अभियान भाग 2-3 के बाद भी राजस्व रिकार्ड दुरुस्ती और नामांतरण के मामलों को लेकर आम जनता की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कलेक्टर नरसिंहपुर की जनसुनवाई में बीते दिवस आये गोटेगांव तहसील अंतर्गत ग्राम कमती निवासी आवेदक यशवंत पटेल आत्मज टीकाराम पटेल व मुलाम सिंह लोधी आत्मज छोटेलाल लोधी के द्वारा दिए गए आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि गोटेगांव तहसील में उनके द्वारा दिये गए आवेदनों पर तहसीलदार गोटेगांव द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आवेदक यशवंत पटेल आत्मज टीकाराम पटेल व टीकाराम आत्मज हुलकर सिंह पटेल द्वारा बताया गया कि व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड गोटेगांव में व्यवहारवाद पेश किया गया है। जिसमें आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार ओर वसीयत कृत भूमि को आवेदक क्रमांक 1 के नाम के नाम पर नामांतरण कराने का आदेश पारित किया गया था। जिसका नामान्तरण हेतु आवेदन दिनाक 28 नवंबर 2024 को तहसीलदार गोटेगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसका अनुपालन नहीं किया गया उक्त नामांतरण हेतु 50हजार रुपए स्टाम्प शुल्क की मांग की जा रही है। इससे न्यायालय द्वारा दिये गए आदेश का पालन नहीं किये जाने की बात सामने आ रही है। वहीं मुलाम सिंह आत्मज छोटेलाल लोधी द्वारा बताया गया है कि आवेदक के विरुद्ध दीवानी मुकदमा दायर किया गया था जिसमें आपसी राजीनामा हो गया था, राजीनामा के आधार पर 22 जनवरी 2020 को डिक्री पारित की गई थी जिसमें तीनों भाइयों को जमीन प्राप्त हुई थी।

किसानों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

कृषि वैज्ञानिकों ने दी किसानों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी

ड्रोन आधारित कृषि तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त उपकरण, पॉवर स्प्रेयर, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र,को भी प्रदर्शित किया गया

आधुनिक कृषि उपकरणों की लगाई गई प्रदर्शनी कृषि उद्योग समागम के दूसरे दिन कलेक्टर पहुंची प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम मेले का शुभारंभ सोमवार 26 मई को किया जा चुका है। मेले के दूसरे दिवसे गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश शामिल हुए। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी दी और किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

विधायक नागेश ने कहा कि किसानों के लिए यहां विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये हैं। किसान अपनी खेती को उन्नघ्त बनाने, मिट्टी के परीक्षण और यंत्रों की जानकारी लें। किसान मेले में सभी प्रकार की जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा अधिकारी- कर्मचारी गांव में आते हैं, तो किसान उनसे भी जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने सभी किसानों का अभिनंदन किया।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. एसबी अग्रवाल व डॉ. आरएस शर्मा ने किसानों को जैविक खेती, उन्नत खेती, प्राकृतिक खेती, नए बीज, कीट रोग प्रबंधन आदि के बारे में विस्तार से बताया। पशुपालन विभाग के डॉ. श्रेया दुबे ने पशुओं के रोग एवं उपचार, डॉ. आरएन पटेल ने मृदा परीक्षण, सहायक कृषि यंत्री श्री बीपी मौर्य ने उन्नत कृषि यंत्रों और डॉ. आरके साहू ने बायो फर्टिलाइजर की विस्तार से जानकारी। कृषकों ने भी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

मेले में विभिन्न कृषि आधारित आधुनिक यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बताया कि तीन दिवसीय कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ किया जा चुका है। यहाँ विभिन्न विभागों की लगभग 90 से अधिक स्टॉल लगायी गई है।

इस प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि तकनीकों, यंत्रों एवं नवाचारों का व्यापक प्रदर्शन किया गया है। ड्रोन आधारित कृषि तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त उपकरण, पॉवर स्प्रेयर, सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र, जैविक एवं नैनो फर्टिलाइजर सहित विविध नवीनतम संसाधनों को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, जैविक एवं नैनो उत्पादों, पशुपालन और महिला सशक्तिकरण से जोड़ते हुए उन्हें आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि प्रणाली की ओर प्रेरित करना है। कलेक्टर ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे इस कृषि उद्योग समागम मेले में आकर प्रदर्शनी का अवलोकन करें और आधुनिक व नवीन तकनीकों की जानकारी लें।

किसानों को मिल रही जानकारी

जिले के किसानों ने इन आधुनिक यंत्रों की जानकारी ली। खेती में होने वाले फायदों के बारे में भी जाना।

किसानों को कम समय में अधिक पैदावार देने वाले उन्नत किस्म के प्रमाणित बीजों की प्रदर्शनी कृषि उद्योग समागम मेले में लगाई गई हैं। जिले के किसान इन स्टॉलों पर जाकर विभिन्न किस्मों के बीज का अवलोकन कर रहे हैं। जिले के अन्य किसान भी मेले में आकर उन्नत व गुणवत्तायुक्त बीजों का अवलोकन कर सकते हैं और यहां से बीज खरीद भी सकते हैं। राज्य सरकार किसानों की आय को दोगुनी करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए कृत संकल्पित है। फसल उत्पादन के अलावा बागवानी व फलदार पौधे लगाकर किसानों की आय में बढ़ोत्तरी कर सकते हैं। यहां आये किसानों ने बताया कि यह खेती के साथ-साथ फलदार वृक्षों से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी मिल रही है। किसान इससे काफी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। इसलिए वे स्वयं अपने खेत में एक पेड़ लगाकर देखेंगे और अच्छा मुनाफा हुआ तो वे अपने खेत में और भी पौधे लगायेंगे।

विभागों द्वारा दी जा रही जानकारी

कृषि उद्योग समागम के दौरान कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य, उद्यानिकी, स्वास्थ्य आदि विभागों से संबंधी स्टॉल लगाकर किसानों और नागरिकों को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने अपने- अपने विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी देकर इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह कर रहे हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नरसिंहपुर, डिंडोरी, सिवनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर के किसान, डॉ. दीप्ति यादव, डॉ. रश्मि ठाकुर, श्रीमती रुचि शर्मा, अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिल्पी नेमा व श्रीमती उषा पचैरी ने किया। इस दौरान भजन मंडली द्वारा लोकगीत की शानदार प्रस्तुति दी।

शराब से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, ट्रक में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। स्टेशनगंज थाना अंतर्गत गोटेगांव-जबलपुर स्टेट हाईवे पर सोमवार की रात एक ट्रक शेढ़ नदी पुल के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने के दौरान ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में अंग्रेजी शराब की करीब 900 पेटियां थीं वहीं ट्रक चालक घायल हो गया। ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 1392 देवास से रीवा जा रहा था। चालक ने बताया शेर बेलखेड़ी पुल की ढलान पर अनियंत्रित हो गया और जोरदार धमाका होते हुए आग लग गई। पुलिस को सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन ट्रक पूरी तरह जल चुका था। चालक को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं ट्रक में ले जा रही शराब की अधिकतर पेटियां या तो आग की लपटों में जल गई या फिर लोग उठा ले गए। सुबह होते ही आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और लोगों द्वारा बची हुई शराब की बोतलों को लूटने की होड़ मच गई। और शराब लूटने के वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि धू-धू कर जल चुके ट्रक से राहगीरों और ग्रामीणों द्वारा शराब की बोतलों को लूटा जा रहा है और शेढ़ नदी के पुल पर लम्बा जाम लग रहा है। उक्त मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर सेनेटरी पैड्स वितरित किए

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। 28 मई महीने का 28वां दिन जो मासिक चक्र के 28वें दिन को भी दर्शाता और मई साल का पांचवां महीना जो मासिक धर्म के 5 दिनों की साइकल को प्रदर्शित करता अतः हर साल 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर एवं काया जनकल्याण समिति के सक्रिय सदस्यों डॉ राजश्री पटेल, नीता भारद्वाज, शिवांगी साहू, रचना त्रिवेदी, प्रियंका शर्मा, पूनम धुर्वे ने मिलकर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर महत्वपूर्ण पहल करते हुए शंकराचार्य और रानी अवंतीबाई वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र जाकर जरूरतमंद महिलाओं और लड़कियों को सेनेटरी पैड्स वितरित किए, ताकि वे स्वच्छता और स्वास्थ्य को बनाए रख सकें। इस अवसर पर समिति की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ राजश्री पटेल ने कहा कि, मासिक धर्म स्वच्छता एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि, सेनेटरी पैड्स का वितरण इस दिशा में एक छोटा सा कदम है लेकिन, इससे जरूरतमंद महिलाओं और लड़कियों को काफी लाभ होगा। समिति का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें।

युद्ध स्तर पर चल रही मूंग और उड़द की कटाई

तेंदूखेड़ा। इन दिनों खेतों में गर्मी मौसम की फसल लगभग पककर तैयार हो गई है। मौसम की प्रतिकूलता को देखते हुए किसान फसल को सुरक्षित घर ले जाने को लेकर कटाई कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। खेतों में ही उपज को काटकर थ्रेसिंग कार्य साथ साथ चल रहा है। हमारे प्रतिनिधि को किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ औसतन छ बोरा की उपज निकल रही है। लेकिन किसान शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है इस बार हर साल की अपेक्षा गर्मी का सोयाबीन उड़द भी लगाया गया है।

पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

तेंदूखेड़ा । मंगलवार को काचरकोना में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांवरपाठा द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय जबहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई ।इस मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने चाचा नेहरू की प्रतिमा पर तिलक पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तथा उनकी उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक संजय शर्मा दीवान शैलेन्द्र सिंह दीवान लेखराज सिंह महेंद्र तिजोरिवाले भूपेंद्र जयवार कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटैल ब्रजेश खोजर सरपंच शिवराज पटैल राजेश शाहू संतोष बाबूलाल डढोर परमेश्वरदास दुकानदार गोरी खोजर संतोष खैरोनिया दशरथ पटैल अयोध्या प्रसादराजेश ढोंगावारे गोविंद परसुईया संतोष नेता मुन्नालाल परोसी ब्रजेश बसेडिया अरविंद दुकानदार ब्रजेश साहू मुन्नालाल विजय अनिल योगेश श्रीवास उपस्थित रहे।

मूंग उड़द को समर्थन मूल्य पर खरीदने पेयजल आपूर्ति और राजस्व तथा विद्युत विभाग की समस्यायों को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

तेंदूखेड़ा । मंगलवार को भारतीय किसान मजदूर संघ के बैनर तले तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसील कार्यालय में पहुंच कर तहसीलदार तेंदूखेड़ा को सौंपा गया है। इसके पूर्व नगर के मुख्य मार्गों से एक विशाल रैली निकाली गई। सौंपे गए ज्ञापन में किसानों ने अपनी क्षेत्र बार समस्याओं का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया कि संपूर्ण प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का उत्पादन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। और कृषकों को नगद मूल्य की एक उपज प्राप्त हो रही है।पिछले कई सालों से सरकार समर्थन मूल्य पर इस फसल को खरीदते हुए चले आ रही है। लेकिन इस साल अभी तक गिरदावरी के साथ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी अभी तक शुरू नहीं हुई है।जिसे म प्र सरकार शीघ्र शुरू कराये। नरसिंहपुर के विद्युत अधिकारियों द्वारा कृषि पंपों का भार अपने मनमाने तरीके से बढ़ाया गया है। जिसमें तत्काल

निकाली गई विशाल रैली

प्रभाव से सुधार किया जाये वहीं घरेलू विद्युत बिलों के बिल बड़ी हुई राशि के आ रहे हैं।जिनका समय सीमा में सुधार कराया जाये। अटल ज्योति के नाम से 24 घंटे बिजली की जगह मात्र 10 -12 घंटे ही मिल रही है शीघ्र सुधार कर 24 घंटे किया जाये। बगैर किसी सूचना के विजली की कटौती और आंख मिचौली जारी है। तथा कुछ फीडरों पर कम भार क्षमता के ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। लोड के हिसाब से उनकी क्षमता को तत्काल प्रभाव से बढ़ाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति ठप्प पड़ी होने के कारण पेयजल संकट बना हुआ है। तत्काल प्रभाव से पेयजलापूर्ति की स्थाई व्यवस्था बनाई जाये और अधिक समस्या वाले ग्रामों में पेयजलापूर्ति के इंतजाम किए जायें। राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन नामांकन फौती बंटवारा बैंकिंग प्रक्रियाओं पारिवारिक बंटवारा नक्शा वटांकन सहित विभिन्न मामलों में पटवारियों और राजस्व कर्मचारियों द्वारा किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है जिस पर तत्काल प्रभाव से विराम लगाते हुए बगैर कोई असुविधा के समस्याओं को निराकृत किया जाये। यदि समय सीमा में समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो वृहद स्तर पर एक आंदोलन करने अपने संघ के बैनर तले किसान बाध्य हो जायेंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में भारतीय किसान मजदूर संघ के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ज्ञापन के पूर्व सभी उपस्थित किसानों द्वारा स्व एकम सिंह पटेल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित दो मिनट का मौन धारण कर दी गई।